# OTHER SERVICES APPLICATION OF DURG NARAIN SINGH

| | |
|---|---|
| **Case Id :** S00010822021 **\| Old Case Id :** 2118 | **Employee No. :** 5863 |

| Application | | |
|---|---|---|
| **1.** | **Name of the Applicant** | DURG NARAIN SINGH |
| **2.** | **Type of Application/Representation** | Information by the Judicial Officer about purchase of property in (movable or immovable) under Rule 24(1) and (2) of U.P. Government Servant conduct Rule 1956 respectively. |
| **3.** | **Designation** | District & Sessions Judge |

HIGH COURT OF JUDICATURE
सत्यमेव जयते
AT ALLAHABAD

| | | |
|---|---|---|
| **4.** | **Application** | प्रेषक, दुर्ग नरायन सिंह, जिला एवम् सत्र न्यायाधीश, गोरखपुर। सेवा में, श्रीमान् महानिबन्धक, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद। विषय : ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड की लखनऊ गोमती नगर विस्तार स्थित रेजीडेंसी- 2 परियोजना से अपार्टमेन्ट/फ्लैट एकैषिया- सी 202 क्रय किये जाने की सूचना के सम्बन्ध में। महोदय, विनम्र निवेदन है कि प्रार्थी द्वारा उपरोक्त ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड की लखनऊ गोमती नगर विस्तार स्थित रेजीडेंसी- 2 की बहुमंजिली आवासीय परियोजना से अपार्टमेन्ट/फ्लैट एकैशिया- सी 202 दिनांक 04.06.2021 को क्रय किया गया। उपरोक्त ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड से क्रय किये गये उपरोक्त अपार्टमेन्ट/फ्लैट एकैशिया- सी 202 के सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निर्गत परिपत्र संख्या- 25/एडमिन (ए), दिनांकित जुलाई, 13, 1998 के अनुपालन में वांछित सूचना निम्नवत् हैं:- 1- मेरे द्वारा दिनांक 05.08.1999 को उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा के अन्तर्गत तृतीय अतिरिक्त सिविल जज (जू0डि0) कन्नौज के पद पर कार्य-भार ग्रहण किया गया है। 2- वर्तमान समय में मेरा मूल वेतन 61,690/-रूपये कुल वेतन 1,85,769/-रूपये तथा कटौती के पश्चात् मेरे बचत खाते में 1,34,369/-रूपये प्राप्त होता है। 3- प्रार्थी द्वारा पूर्व में गोरखपुर विकास प्राधिकरण का उसके बुद्ध विहार पार्ट- बी आवासीय योजना के अन्तर्गत आवासीय भूखण्ड संख्या- ई 58 क्षेत्रफल- 162 वर्ग मीटर दिनांक 24.05.2003 को क्रय किया गया था, जिसके सम्बन्ध में औपचारिक सूचना पूर्व में वर्ष 2003 में ही प्रेषित की जा चुकी है। प्रार्थी द्वारा उपरोक्त ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड की लखनऊ गोमती नगर विस्तार स्थित रेजीडेंसी- 2 की बहुमंजिली आवासीय परियोजना का 112.78 स्क्वायर मीटर कवर्ड एरिया एवम् 101.73 स्क्वायर मीटर कारपेट एरिया के एक यूनिट का आवासीय अपार्टमेन्ट/फ्लैट क्रय करने हेतु दिनांक 15.07.2011 को अपने भारतीय स्टेट बैंक की सचिवालय शाखा, लखनऊ स्थित बचत खाता संख्या- 11120750830 का चेक संख्या- 421165 मुबलिग 2,00,000/- (दो लाख रूपये) धनराशि का ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड के पक्ष में निर्गत कर आवासीय अपार्टमेन्ट/फ्लैट बुक कराया गया और तत् क्रम में कम्पनी से क्रमानुसार निर्माण संगत भुगतान के अधीन करार कर विभिन्न समयों पर कुल धनराशि लगभग 40,19,268/-रूपये (चालीस लाख, उन्नीस हजार, दो सौ अड़सठ रूपये) का भुगतान कर दिनांक 04.06.2021 को पंजीकृत विक्रय विलेख निष्पादित कराकर उपरोक्त ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड से एक अदद आवासीय अपार्टमेन्ट/फ्लैट यूनिट संख्या- एकैशिया सी. 202 उक्त दिनांक 04.06.2021 को क्रय किया गया, जिससे सम्बन्धित विक्रय विलेख की छाया प्रति प्रार्थना-पत्र के साथ अवलोकनार्थ संलग्न है। (संलग्नक-1) प्रार्थी द्वारा उपरोक्त अपार्टमेन्ट/फ्लैट क्रय किये जाने व विक्रय विलेख निष्पादन हेतु अपने उपरोक्त बचत खाता संख्या- 11120750830 से आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से भुगतान कर मुबलिग 2,80,600/- (दो लाख, अस्सी हजार, छ: सौ रूपये) का ई-स्टैम्प क्रय किया गया। उक्त आर0टी0जी0एस0 का यूटीआर नम्बर-SBINR52021053126495713 दिनांकित 31.05.2021 है। इसके अतिरिक्त प्रार्थी द्वारा दिनांक 01.06.2021 को अपने भारतीय स्टेट बैंक की सचिवालय शाखा, लखनऊ स्थित एच.यू.एफ. बचत खाता संख्या- 33881135757 से मुबलिग 50,000/-रूपये (पचास हजार रूपये) आहरित कर उक्त बैनामे की तिथि दिनांक 04.06.2021 को पंजीयन शुल्क 40,400/-रूपये (चालीस हजार चार सौ रूपये) पंजीयन कार्यालय में नकद भुगतान किया गया और मुबलिग 5,200/-रूपये (पांच हजार दो सौ रूपये) अभिलेख तैयार करने सम्बन्धी शुल्क ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड के अधिवक्ता को नकद भुगतान किया गया। उपरोक्त से सम्बन्धित खातो का विवरण संलग्न है। (संलग्नक-2) 4- प्रार्थी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय से किसी प्रकार का अग्रिम या ऋण प्राप्त नहीं की गयी है। 5- प्रार्थी द्वारा ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड को विभिन्न तिथियों पर उपरोक्त धनराशि मुबलिग 40,19,268/-रूपये (चालीस लाख, उन्नीस हजार, दो सौ अड़सठ रूपये) बुकिंग से लेकर करार होने के बाद उसके अनुक्रम में निर्माण के विभिन्न सोपान पर ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड को अदा की गयी। इस हेतु मेरे द्वारा भारतीय स्टेट बैंक सचिवालय शाखा, लखनऊ (आर0ए0सी0पी0सी0,लखनऊ) से मुबलिग 30,00,000 (तीस लाख रूपये) आवासीय ऋण स्वीकृत कराया गया, जिसका आवासीय ऋण खाता संख्या- 0034509109179 है, जिसका नाम एस0बी0आई0 एच0एल0 मैक्स गेन ओडी है, जो वर्ष 2015 में प्रार्थी द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया से आवासीय ऋण स्वीकृत कराया गया। समय-समय पर ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड द्वारा मांग पत्र प्रस्तुत करने पर उक्त आवासीय ऋण खाते से तत् सम्बन्धित धनराशि आहरित कर नेफ्ट के माध्यम से ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड को अन्तरित किया गया। इसी क्रम में मेरे द्वारा उपरोक्त आवासीय ऋण खाते से 21,24,887/-रूपये (इक्कीस लाख, चौबीस हजार, आठ सौ सतासी रूपये) विभिन्न तिथियों पर आहरित कर ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड को अदा किया गया है एवम् मेरे द्वारा अपने बचत खाता संख्या- 11120750830 से 18,94,381/-रूपये (अठ्ठारह लाख, चौरानबे हजार, तीन सौ इक्यासी रूपये) चेक एवम् आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से विभिन्न तिथियों पर अदा किया गया। आवासीय ऋण करार सम्बन्धी प्रपत्र संलग्न है। (संलग्नक- 3), ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड को किये गये भुगतान की रसीद तथा उससे सम्बन्धित बचत खाता व आवासीय ऋण खाते का विवरण संलग्न है। (संलग्नक- 4 व 5) प्रार्थी द्वारा उपरोक्त प्राप्त की गयी आवासीय ऋण के पुनर्भुगतान की धनराशि प्रारम्भ में 31,000/-रूपये (इक्तीस हजार रूपये) प्रतिमाह था, जो बाद में 35,000/-रूपये (पैतीस हजार रूपये) प्रतिमाह तय हुई, जिसके अनुसार प्रार्थी द्वारा ऋण ली गयी धनराशि का उपरोक्त भारतीय स्टेट बैंक स्थित शाखा से धनराशि आहरित कर पुनर्भुगतान किया गया और समय-समय पर प्रार्थी के उपरोक्त बचत खाते में यथासमय उपलब्ध धनराशि में से भी पुनर्भुगतान किया गया। चूंकि प्रार्थी द्वारा ओमेक्स लिमिटेड को उपरोक्त फ्लैट क्रय किये जाने हेतु तय प्रतिफल की धनराशि क्रमानुसार पूर्व में ही भुगतान किया जा चुका था, इसलिए दिनांक 31.05.2021 को उपरोक्त आवासीय ऋण खाता बन्द कर दिया गया। 6- प्रार्थी द्वारा कोई कार क्रय नहीं किया गया है। 7- प्रार्थी द्वारा ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड की लखनऊ गोमती नगर विस्तार स्थित रेजीडेंसी- 2 की बहुमंजिली आवासीय परियोजना से अपार्टमेन्ट/फ्लैट यूनिट नम्बर- 202 II फ्लोर टॉवर- 8 एकैशिया ब्लॉक- सी, जी.एच.-4, जो सरसवा में स्थित है, क्रय किया गया, जिसका कवर्ड एरिया 112.78 वर्ग मीटर तथा कारपेट एरिया 101.73 वर्ग मीटर तथा समानुपाती एरिया 36.60 वर्ग मीटर है। 8- सम्बन्धित डीलर/विक्रेता का पूरा नाम ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड, लखनऊ है। 9- उपरोक्त डीलर/विक्रेता नियमित एवम् प्रतिश्ठित डीलर/विक्रेता है। 10- उक्त ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड से न तो मेरा किसी भी प्रकार से कोई सम्बन्धी है और न ही उक्त से सम्बन्धित कोई केस मेरे समक्ष लम्बित है और न ही कोई केस उक्त कम्पनी के सम्बन्ध में मेरे द्वारा निर्णीत किया गया है। 11- प्रार्थी द्वारा उपरोक्त अपार्टमेन्ट/फ्लैट क्रय करने हेतु मुबलिग 18,94,381/-रूपये (अठ्ठारह लाख, चौरानबे हजार, तीन सौ इक्यासी रूपये) अपने बचत खाता संख्या- 11120750830 से चेक एवम् आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से भुगतान किया गया तथा 21,24,887/-रूपये (इक्कीस लाख, चौबीस हजार, आठ सौ सतासी रूपये) उपरोक्त आवासीय ऋण खाता संख्या-0034509109179 एस0बी0 आई0 एच0एल0 मैक्स गेन ओडी से किया गया है। इसके अतिरिक्त उपरोक्तानुसार क्रम संख्या- 3 में दिये गये विवरण के अनुसार ई-स्टैम्प क्रय करने सम्बन्धी स्टैम्प शुल्क का भुगतान करने हेतु उपरोक्तानुसार व्यय किया गया। मेरे बचत खाते से व्यय की गयी धनराशि के आय का श्रोत मेरा वेतन एवम् कृषि आय है। प्रार्थी द्वारा समय-समय पर ओमेक्स लिमिटेड कम्पनी को चेक के माध्यम से किये गये भुगतान एवम् आवासीय ऋण से किये गये भुगतान के सम्बन्ध में तिथिवार विवरण प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र के साथ संलग्न है। (संलग्नक- 6)। ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड द्वारा भुगतान प्राप्ति के सम्बन्ध में निर्गत विवरण भी संलग्न है। (संलग्नक- 7) उपरोक्त ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड को किए गये भुगतान से सम्बन्धित विवरण मेरे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय को पूर्व में प्रेशित द्विवार्षिक सम्पत्ति विवरण में भी उल्लिखित किया गया है। अत: उपरोक्त विवरण एवम् सूचना माननीय उच्च न्यायालय के उपरोक्त निर्गत परिपत्र के अनुपालन में माननीय न्यायालय के अवलोकनार्थ प्रस्तुत है और श्रीमान् जी से निवेदन है कि कृपया उपरोक्त विवरण एवम् सूचना माननीय न्यायालय के अवलोकनार्थ माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें। सादर,<br>भवदीय, (दुर्ग नरायन सिंह)<br>जिला एवम् सत्र न्यायाधीश,<br>गोरखपुर<br>JO CODE-5863 संलग्नक :- 1- विक्रय विलेख की छाया प्रति, (संलग्नक- 1) 2- ई-स्टाम्प क्रय करने हेतु खाते से अन्तरित धनराशि व स्टाम्प शुल्क क्रय करने हेतु आहरित नकद धनराशि सम्बन्धी खाते का विवरण, (संलग्नक- 2) 3- आवासीय ऋण खाते सम्बन्धित करार विलेख की छाया प्रति, (संलग्नक- 3) 4- ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड को किये गये भुगतान की रसीद,(संलग्नक- 4) 5- आवासीय ऋण खाते से किये गये भुगतान तथा बचत खाते से किये गये भुगतान से सम्बन्धित बैक विवरण,(संलग्नक- 5) 6- चेक एवम् आवासीय ऋण के माध्यम से किये गये भुगतान के सम्बन्ध में तिथिवार विवरण,(संलग्नक- 6) 7- भुगतान प्राप्ति के सम्बन्ध में ओमेक्स कम्पनी लिमिटेड द्वारा निर्गत विवरण, (संलग्नक- 7) |

| | | |
|---|---|---|
| **5.** | **Date of Submission** | 14/07/2021 |

| **Attachments** | |
|---|---|
| **Attachment** | **Uploading Date** |
| Annexure 1 | 10/07/2021 |
| Annexure 2 | 10/07/2021 |
| Annexure 3 | 10/07/2021 |
| Annexure 4 | 10/07/2021 |
| Annexure 5 | 10/07/2021 |
| Annexure 6 | 14/07/2021 |
| Annexure 7 | 14/07/2021 |
| Letter | 14/07/2021 |
| *Red background attachments are uploaded in return of objection. | |

HIGH COURT OF JUDICATURE
सत्यमेव जयते
AT ALLAHABAD